# बिहार विधान परिषद

(201वां मानसून सत्र)

## 28 जून 2022

----

[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ].

**कुल प्रश्न 25**

----

### पदस्थापन करने पर विचार

***36 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, शिवहर का पद वर्षों से खाली है;

(ख) क्या यह सही है कि कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, शिवहर के प्रभार में सीतामढ़ी के कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण हैं जिससे शिवहर जिला का कार्य प्रभावित हो रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग का पदस्थापन शिवहर में करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

### पहल करने पर विचार

***37 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि रक्तचाप, मधुमेह अब आमजनों को व्यापक रूप से प्रभावित कर रहा है जिसके कारण जागरूकता नहीं रहने से कई जानें असमय ही जा रही हैं;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार रक्तचाप, मधुमेह के साथ-साथ आपात चिकित्सीय जांच की प्राथमिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसे माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक कक्षा के पाठ्यक्रमों में शमिल किये जाने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों, क्या इसके लिए शिक्षा विभाग से पहल करने का विचार रखती है?

----

## जमीन आवंटित

*38 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि बियाडा द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में जमीन आवंटित किये जाने के छः माह के भीतर उद्यमियों को अपने उद्योग की इकाई लगानी है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के अलग-अलग औद्योगिक क्षेत्रों में बियाडा द्वारा आवंटित प्लांट की संख्या पांच सौ से अधिक है, जहां अबतक कोई औद्योगिक इकाई नहीं लगाई गई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (क) के प्रावधान के आलोक में खंड (ख) में वर्णित जमीन को अपने कब्जा में लेकर अन्य उद्यमियों को जमीन आवंटित कराना चाहती है, नहीं तो क्यों?

----

## जानलेवा बीमारी

*39 **डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि अरवल जिला, प्रखंड अरवल के अंतर्गत रामपुर चौरम थाना में खभैनी गांव अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि खभैनी गांव में एक साल के अंदर लगभग पंद्रह लोगों की मृत्यु कैंसर होने के कारण हुई है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त गांव में अन्य लोग भी कैंसर से पीडि़त हैं, जिससे ग्रामीण भयाक्रांत हैं और पलायन के लिए मजबूर हो रहे हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खभैनी गांव में कैंसर होने के कारणों का जांच कराना चाहती है ताकि उक्त गांव में लोगों को कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से बचाया जा सके, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## विद्युत की आपूर्ति

*40 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि आरा नगर निगम अंतर्गत वार्ड संख्या- 11 स्थित जय हिन्द कालोनी में आज भी सीमेंट के पोल की जगह पर बांस- बल्लों के सहारे बिजली की आपूर्ति की जा रही है;

(ख) क्या यह सही है कि बांस-बल्लों के सहारे बिजली की आपूर्ति से आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त समस्या के शीघ्र निष्पादन का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## बायोमेट्रिक उपस्थिति

*41 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के प्रत्येक अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थापित चिकित्सों की उपस्थिति समय पर नहीं रहने के कारण मरीजों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थापित चिकित्सों और गैर चिकित्सों की उपस्थिति के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति की तैयारी करने जा रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक बायोमेट्रिक उपस्थिति पंजी की व्यवस्था करेगी, नहीं तो क्यों?

----

## प्रोसेसिंग प्लांट

***42 श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या **उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर और सीतामढ़ी जिला के 25,000 हेक्टेयर जमीन में 40,000 किसान लीची की खेती करते हैं, परन्तु कोई भी सरकारी प्रोसेसिंग प्लांट नहीं रहने के कारण किसानों को लाभप्रद मूल्य नहीं मिल पाता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपर्युक्त जिलों के किसानों को लाभकारी मूल्य मिल सके, इसके लिए सरकारी स्तर पर लीची प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## मिल चालू कबतक

***43 श्री राजीव कुमार उर्फ गप्पू बाबू (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या **गन्ना उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला अंतर्गत मीरगंज स्थित हथुआ चीनी मिल एवं डिस्टिलरी वर्षों से बंद है, जिसकी भूमि BIADA को हस्तांतरित हो चुकी है;

(ख) क्या यह सही है कि हथुआ अनुमंडल में गन्ने की खेती प्रचुर मात्रा में होती थी जो अब बंद हो चुकी है;

(ग) क्या यह सही है कि गन्ना से ईथेनॉल बनाने की फैक्ट्री लगायी गई तो किसान सहित जिले के निवासियों को लाभ होगा;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्जित हथुआ चीनी मिल को चालू कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## जांच की अनिवार्यता

***44 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि भारत सरकार अन्तर्गत परमाणु ऊर्जा नियामक परिषद् द्वारा आदेशित चिकित्सा नैदानिक विकिरण उपकरण के संचालन हेतु आवश्यक निर्देश का पालन किये जाने की बाध्यता है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य में लगभग दो लाख विकिरण युक्त उपकरण का इस्तेमाल मरीजों की जांच एवं शल्य चिकित्सा में सहयोगी उपकरण के रूप में किया जा रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि परमाणु ऊर्जा नियामक परिषद् की वेबसाइट पर पूरे बिहार में सिर्फ 1600 उपकरण ही निबंधित हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य में इस्तेमाल किये जाने वाले विकिरण युक्त उपकरणों का निबंधन एवं परमाणु ऊर्जा नियामक परिषद् के निर्देश के आलोक में जांच कराने की अनिवार्यता पर विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## भवन का निर्माण

*45 **डा. कुमुद वर्मा (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि गया जिलान्तर्गत गुरुआ प्रखण्ड की पकरी पंचायत के जलपा गांव में एक स्वास्थ्य केन्द्र 1980 से कार्य कर रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र एक निजी मकान में संचालित है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त ग्राम में सरकारी जमीन उपलब्ध होने के बावजूद स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण अभी तक नहीं हुआ है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गांव में उपलब्ध सरकारी जमीन पर स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## जल की आपूर्ति

*46 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

क्या **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि छपरा जिला अन्तर्गत दरियापुर प्रखंड की पिरारीडीह पंचायत में ग्राम पट्टी शीतल, वार्ड नम्बर- 4 में नागेन्द्र प्रसाद सिंह का घर है;

(ख) क्या यह सही है कि वार्ड नम्बर- 04 की लंबाई तीन किलोमीटर है, इसलिए उस वार्ड में नल जल योजना अन्तर्गत दो बोरिंग का निर्माण किया गया है, जिसमें एक बोरिंग टावर बनाकर चालू कर दिया गया है, लेकिन दूसरा बोरिंग टावर आधा-अधूरा पड़ा है, जिससे पानी सप्लाई बन्द है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार वार्ड नम्बर- 04 के दूसरे बोरिंग का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है और उससे पानी आपूर्ति करने की योजना कबतक कार्यान्वि[illegible]त करना चाहती है?

----

## चिकित्सकों का पदस्थापन

***47 श्री अशोक कुमार अग्रवाल ( कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि जिला स्तरीय अस्पतालों में शल्य चिकित्सक (सर्जन) पदस्थापित नहीं हैं, जिसके चलते मरीजों को मजबूर होकर अन्यत्र चिकित्सा कराने के लिये जाना पड़ता है;

(ख) क्या यह सही है कि जिला स्तरीय अस्पतालों में शल्य चिकित्सकों का पदस्थापन आवश्यक है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिला स्तरीय अस्पतालों में शल्य चिकित्सकों का पदस्थापन करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## निर्माण कार्य पर विचार

***48 श्रीमती अम्बिका गुलाब यादव (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि झंझारपुर स्थित मेडिकल कॉलेज के निर्माण में प्राक्कलन के अनुसार काम नहीं किया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि कॉलेज के निर्माण में प्राक्कलन की अनदेखी एवं

गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं किया जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राक्कलन के अनुरूप भवन निर्माण एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## राशि का भुगतान

*49 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत, फुलवारी शरीफ प्रखंड के ग्राम- खपरैलचक, पो. + थाना- परसा बाजार के निवासी स्व. सुमित कुमार, पिता- श्री अम्बिका प्रसाद की मृत्यु दिनांक- 30.04.2021 को कोविड- 19 के कारण नालंदा मेडिकल कॉलेज, पटना में हो गयी थी;

(ख) क्या यह सही है कि स्व. सुमित कुमार की पत्नी सुमित्रा देवी को सरकार द्वारा चार लाख रुपये अनुग्रह राशि का भुगतान दिनांक- 15.06.2021 को कर दिया गया है लेकिन एस.डी.आर.एफ. मद से 50,000 (पच्चास हजार) रुपये का भुगतान अबतक उनकी पत्नी को नहीं दिया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि एस.डी.आर.एफ. मद से पच्चास हजार रुपये के लिए मुख्य सचिव के पत्रांक- 178, दिनांक- 20.01.2022 के द्वारा सभी प्रमण्डलीय आयुक्त को पत्र देते हुए आवंटित राशि से दिनांक- 31.01.2022 तक भुगतान जिला पदाधिकारी द्वारा सुनिश्चित करने हेतु आदेश दिया गया है;

(घ) क्या यह सही है कि मृतक की पत्नी सुमित्रा देवी ने उक्त पच्चास हजार रुपये अबतक नहीं प्राप्त होने पर दिनांक- 28.05.2022 को आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना, जिलाधिकारी, पटना एवं अंचलाधिकारी, फुलवारी शरीफ को अनुग्रह राशि के लिए आवेदन किया है;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मृतक की पत्नी सुमित्रा देवी को एस.डी.आर.एफ. मद से पच्चास हजार रुपये की अनुग्रह अनुदान की राशि यथाशीघ्र भुगतान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## मानदेय में बढोतरी

*50 **श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के सभी अस्पतालों में कार्यरत नियोजित प्राध्यापक, व्याख्याता, रीडर एवं ट्यूटर के मानदेय में बढ़ोतरी कर दी गई है;

(ख) क्या यह सही है कि पटना डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल में कार्यरत नियोजित प्राध्यापक, व्याख्याता, रीडर एवं ट्यूटर के मानदेय में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है, जबकि सबके मानदेय का निर्धारण एक ही अधिसूचना के तहत किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पटना डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल में कार्यरत नियोजित प्राध्यापक, व्याख्याता, रीडर एवं ट्यूटर के मानदेय में बढ़ोतरी करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## उप स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्था

*51 **श्री दिलीप कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिला प्रखण्ड की परसडिह पंचायत के ग्राम-ममका में कोई भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र या प्राथमिक उप स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त ग्राम में स्वास्थ्य केन्द्र नहीं होने के कारण आम जनता को इलाज हेतु जिला मुख्यालय या अन्य दूसरे गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में जाना पड़ता है;

(ग) क्या यह सही है कि ग्राम-ममका से दूसरे स्वास्थ्य केन्द्र की दूरी अधिक है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम-ममका में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अथवा उप स्वास्थ्य केन्द्र खोलना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## शीघ्र नियुक्ति

*52 **श्री मो. कमर आलम (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि IGIMS, पटना के एडवान्स कार्डियक सेंटर में सी.टी.वी.एस. विभाग के सुचारू रूप से संचालन के लिए प्राध्यापक के दो पदों पर नियुक्ति हेतु विभागीय पत्रांक- 128(1), दिनांक- 10.03.2022 द्वारा निदेशक, IGIMS, पटना को नियुक्ति प्रक्रिया तीन माह में पूर्ण करने हेतु स्मारित किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि इस संबंध में विभाग द्वारा स्मारित पत्र की अनदेखी कर नियुक्ति प्रक्रिया नहीं की गई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मरीजों के हित में प्राध्यापक के दो पदों पर शीघ्र नियुक्ति करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## दवा पर छूट

*53 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि पटना के आई.जी.आई.एम.एस. अस्पताल में भर्ती मरीजों को दवाओं पर छूट नहीं मिलती है;

(ख) क्या यह सही है कि आई.जी.आई.एम.एस. के केन्द्रीय औषधि भंडार में डॉक्टरों की लिखी दवाइयां यदि उपलब्ध होंगी तो मरीजों को बाहर से दवा लेने की अनुमति नहीं है, जबकि अधिकांश दवाओं पर जी.एम. रोड में 40 से 45 प्रतिशत तथा आई.जी.आई.एम.एस. के बाहर 20 प्रतिशत तक की छूट मिलती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आई.जी.आई.एम.एस. में भर्ती मरीजों को भी दवाओं पर छूट देने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति

*54 **श्री अजय कुमार सिंह (सहरसा स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि मधेपुरा स्थित कर्पूरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्राध्यापक, चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मियों के अधिकांश पद रिक्त हैं;

(ख) क्या यह सही है कि प्राध्यापक के अधिकांश पद रिक्त होने के कारण मेडिकल

कॉलेज में पठन-पाठन बाधित है;

(ग) क्या यह सही है कि चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मियों के अभाव में मरीजों का चिकित्सा कार्य प्रभावित हो रहा है

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के रिक्त पदों पर शीघ्र प्रतिनियुक्ति करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## जमीन की व्यवस्था

*55 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि औद्योगिक प्रोत्साहन नीति 2022 के तहत टेक्सटाइल एवं लेदर पॉलिसी लायी गई है;

(ख) क्या यह सही है कि वस्त्र एवं चर्म नीत उद्योग लगाने वाले निवेशकों को जमीन की व्यवस्था से लेकर धन की मदद करने का प्रावधान है;

(ग) क्या यह सही है कि सरकार उद्योग लगाने वालों को तीन केटेगरी में रोजगार अनुदान भी देगी;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार टेक्सटाइल एवं लेदर पॉलिसी से सदन को अवगत कराना चाहती है?

----

## किराया का भुगतान

*56 **डा. रामवचन राय (मनोनीत):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि जिला मलेरिया सह वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यालय, जिला- वैशाली, हाजीपुर का कार्यालय, श्री मोहनी मोहन शर्मा, एच.डी. रोड, हाजीपुर के मकान में वर्ष 2012 से किराया पर चल रहा है परंतु आज तक किराये का भुगतान नहीं किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि किराये का भुगतान नहीं होने पर श्री शर्मा ने अनुमंडल पदाधिकारी हाजीपुर के यहां एक वाद दायर किया इसके बाद अनुमंडल पदाधिकारी

द्वारा दिनांक- 23.12.2015 को वाद संख्या– 211/13 के द्वारा विधि सम्मत किराया निर्धारित किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त निर्धारित किराया के वि□रुद्ध वि□भाग ने ऊपरी न्यायालय यानी समाहर्ता के न्यायालय में अपील दायर किया, उक्त वाद संख्या– 111/17-18 में जिला समाहर्ता ने दिनांक- 05.03.2019 को पारित आदेश को अस्वीकृत करते हुए मकान मालिक के पक्ष में फैसला दिया है, बावजूद आजतक मकान मालिक के किराये का भुगतान नहीं किया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मकान मालिक के पक्ष में हुए न्याय निर्णय के आलोक में कबतक मकान का किराया भुगतान करना चाहती है तथा भुगतान नहीं करने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई करना चाहती है?

----

## विद्युत कनेक्शन कबतक

*57 **डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि शास्त्रीनगर, पटना में विगत दस वर्षों से पानी टंकी तैयार है एवं विगत डेढ़ साल से बोरिंग भी स्थापित है किन्तु विद्युत कनेक्शन नहीं होने के कारण चालू नहीं है जिससे पूरे शास्त्रीनगर में जलापूर्ति की समस्या है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इसे शीघ्र विद्युत कनेक्शन देते हुए चालू करना चाहती है?

----

## समुचित प्रयास

*58 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि भारत सरकार ने देश में विद्यमान संरचनाओं- रेल, वायु और सड़क मार्ग के प्रभावी प्रयोग के लिए गति शक्ति योजना को प्रारंभ किया है;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार में उद्योग विभाग को गति शक्ति योजना के कार्यान्वयन हेतु नोडल मंत्रालय बनाया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह

बतलाएगी कि गति शक्ति योजना से उद्योग के विकास में लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने के लिए और संरचनाओं के उपयोग को समन्वित करने के लिए सरकार क्या प्रयास कर रही है?

----

## कब्जा से मुक्त

*59 **श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के फतेहपुर मोड़ में अवस्थित रेफरल अस्पताल में पुलिस का कब्जा होने के कारण अस्पताल ठीक ढंग से संचालित नहीं हो पाता है एवं रोगियों को काफी कठिनाई होती है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार फतेहपुर मोड़ में अवस्थित रेफरल अस्पताल से पुलिस कब्जा हटाकर वहां सामान्य चिकित्सा व्यवस्था शुरू कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## स्वास्थ्य उप केन्द्र की व्यवस्था

*60 **श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत बनियापुर प्रखण्ड के खाता नंबर- 306, 16, खेसरा- 312, 259, रकबा- 01, कट्ठा 13 धुर जमीन उप स्वास्थ्य केन्द्र हरपुर भवन बनाने हेतु वर्ष 2012 में भूमिदाता श्री राजकिशोर मिश्र द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम पर दान दी गई है;

(ख) क्या यह सही है कि उप स्वास्थ्य केन्द्र, हरपुर के नाम पर जमीन उपलब्ध रहने के बाद भी अपना भवन नहीं बनवाकर भाड़े के मकान में स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन किया जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अपनी उपलब्ध भूमि पर स्वास्थ्य उपकेन्द्र, हरपुर का भवन बनवाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----